19/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए मानक स्थापित कर रहा है, दूरदर्शी वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक भविष्य की चुनौतियों का समाधान प्रदान कर रहे हैं। आज आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम के 118वें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की हालिया उपलब्धियों की सराहना की। देश के पहले निजी उपग्रह समूह 'फायरफ्लाई' को सफलतापूर्वक लॉन्च करने के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष-तकनीक स्टार्ट-अप 'पिक्सेल' की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रधानमंत्री ने उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग की भी सराहना करते हुए कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष में चालक दल के मिशनों को आपूर्ति भेजने के लिए महत्वपूर्ण है। आज के एपिसोड में श्री मोदी ने मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग, बुजुर्गों और नशे की लत के शिकार लोगों के लिए आवास गृह चलाने के लिए अरुणाचल प्रदेश के दीपक नाबाम के साहस की सराहना की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, "अच्छे इरादे और निस्वार्थ भावना से किया गया कार्य दूर-दूर तक पहुंचता है।"

(Hold for PM Byte)

0000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि एनडीआरएफ ने प्राकृतिक आपदाओं और अन्य कठिन समय में लोगों की जान बचाई है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गए है। उन्होंने उन शहीदों को भी श्रद्धांजलि दी जिन्होंने दूसरों को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की स्थापना 19 जनवरी, 2006 को देश के प्रमुख आपदा प्रतिक्रिया बल के रूप में की गई थी। तब से, एनडीआरएफ स्थापना दिवस हर साल 19 जनवरी को मनाया जाता है।

0000000000000000000

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज अपर सुबनसिरी जिले में विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं का जायेजा लिया एवं विभिन्न कार्यालयों का दौरा किया। उन्होंने कपड़ा और उद्योग कार्यालय, जिला संग्रहालय, आंगनवाड़ी केंद्रों और जिले के कई स्थानों का दौरा किया। दौरे में राज्य के आईपीआर, उद्योग एवं श्रम मंत्री न्यातो दुकोम, विधायक रोडे बुई, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। दापोरिजो सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में श्रीमती ठाकुर ने, सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर प्रकाश डाला और समाज के साथ ही राष्ट्र के बेहतर विकास और प्रगति के लिए प्रत्येक बच्चे के शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न सामाजिक चुनौतियों, विशेष रूप से रोजगार के अवसरों, महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण पर भी चर्चा की।

0000000000000000000000

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कल राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनायक से मुलाकात की। उन्होंने पूरक पोषण, प्रीस्कूल अनौपचारिक शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाओं सहित आंगनवाड़ी सेवाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री के साथ राज्य महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल भी बैठक में उपस्थित थे। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में केंद्र मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत कल्याणकारी कार्यक्रमों और परियोजनाओं के कार्यान्वयन को बढ़ावा मिलेगा। इस बीच, राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री को सेवा प्रदाताओं के लिए वित्तीय पारिश्रमिक और प्रोत्साहन बढ़ाने का सुझाव दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने सुझावों की सराहना की और राज्यपाल को अरुणाचल प्रदेश की आवश्यकताओं को पूरा करने का आश्वासन दिया।

00000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मेन ने बताया कि इस यात्रा से विचारों के आदान-प्रदान और आपसी हितों के मामलों पर चर्चा करने का शानदार अवसर मिला, जिससे दोनों राज्यों के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। उपमुख्यमंत्री ने राज्यों के बीच आध्यात्मिक संगम और एकता के प्रतीक के रुप में परशुराम कुंड का पवित्र जल भेंट किया। श्री मेन ने कहा कि वह

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गर्मजोशी भरे आतिथ्य और उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए आभारी हैं।

0000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ लड़ाई में निरंतर प्रयास में, नाहरलागुन पुलिस ने कल न्यीगाम कॉलोनी नाहरलागुन में एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर, इंस्पेक्टर कृष्णेंदु देव के नेतृत्व में पुलिस दल ने ऑपरेशन चलाया और दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। और उनके कब्जे से 22.9 ग्राम हेरोइन जब्त की। उनके आवास की तलाशी के दौरान 20 ग्राम वजन वाली संदिग्ध हेरोइन से भरी 14 प्लास्टिक की शीशियाँ भी बरामद हुईं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और नाहरलागुन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

0000000000000000000